
लड़की का दिल जीतना सीखो ।
गोगल राजा

# लड़की का दिल जितना सीखो - जोगल राजा

## content -


1. लड़कियों की प्रेम की भाषा।
2. पेहली बार बात कैसे करे?
3. लड़की का interest हमेशा कैसे बनाए रखे ?
4. लड़कों की top 6 qualities जिसे लड़किया पसंद करती है
5. your story।
6. लड़किया बॉयफ्रेंड मे क्या चाहती है?

# chapter 1 :

# लड़कियों की प्रेम की भाषा।

अगर आप किसी लड़की के साथ प्रेम संबंध में रहे हो तो आपको पता होगा की लड़कियों की प्रेम संबंध में भाषा एकदम अलग होती है, हर पुरुष के साथ नहीं पर जिनके साथ उनके प्रेम संबंध है वहा पर उनकी प्रेम की भाषा अलग होती है।

हम पुरुष वैसे के वैसे ही होते है, प्रेम में या आम जीवन में हम एक ही भाषा का प्रयोग करते है, अगर किसी लड़के को कोई लड़की पसंद आती है, तो लड़के के छीने में आग लग जाती है और वो सिर्फ इतना ही सोचता है की कैसे भी करके में लड़की को अपने दिल की बात बता दू, लड़का और किसी चीज़ के बारे में नहीं सोचत।

कुछ लड़के सोचते है की पेहले इम्प्रेस करू फिर बताऊ, कुछ लड़के बता ही नहीं पाते, और कुछ लड़के बिना सोचे बता देते

है, अब इन सारे प्रकार के लड़को के चेहरे देखकर ही आपको पता चल जायेगा की वो किसी के प्रेम में गिरे है।

पर लड़कियों की बात ही अलग है।

कहते है की लड़की को जब प्रेम होता है तो उसके सीवा किसी और को पता ही नहीं चलता, और यही लड़कियों की प्रेम की भाषा है, हम लड़को की तरह वो सीधी सीधी बात मुँह से तो नहीं करेगी, पर उसके चेहरे पर भी आपको पता नहीं लगेगा, उल्टा आपको ये लगेगा की ये लड़की मुझे बिलकुल पसंद नहीं करती ।

ये उनका स्वाभाव है, जैसे हम अपनी बात को बताये बिना नहीं रह पाते इस तरह लड़की अपनी बात को बता नहीं सकती, वो इस पल का आनंद लेती है, वो जल्दी से इस रोमांस को बताकर ख़त्म कर देना नहीं चाहती ।

लड़की कभी कभी आपको ऐसे हिंट देगी की आपको लगेगा लड़की आपको पसंद करती है ओर कभी कभी ऐसी बात बोल देगी की आपको लगेगा की वो आपको बिलकुल पसंद नहीं करती, वो आपको उल्जन में डालती है, वो किसी बात को सीधी सीधी नहीं करेगी, वो अपने दिल की बात भी बहोत ज्यादा घुमा फिराकर केहती है।

वो चाहती है की तुम कोशिश करो, उनकी बात का मतबल समज ने के लिए तुम सोचो उनके बारे में, लड़के एकदम क्लियर रखना चाहेंगे की में तुजे पसंद करता हु बस बात ख़त्म पर लड़की ऐसा नहीं करेग।

क्योकि वो अपने रहस्य को रहस्य बनाकर रखती है और इससे आनंद प्राप्त करती है।

लड़के हमेशा जल्दबाज़ी में होते है, जैसे ही उसे प्यार हुआ वो प्रेम के समुन्दर में ऐसे ही डुबकी लगा लेंगे, पर लड़की धीरे धीरे इस प्रेम के समुन्दर में पैर रखेगी ताकि वो लम्बे समय तक इस सफर का मजा ले सके।

ये बुनियादी भेद है, लड़की मे धीरज जितनी होती है, लड़के मे उतना ही उतावलापन होता है, आपके लिए ना सिर्फ लड़की का ईमोशन पर खुद का ईमोशन भी समजने की जरूरत है।

# Chapter 2 :

# पेहली बार बात कैसे करे ?

जब आप पहली बार बात करते हो तो ध्यान रखिये की आपके बारे में लड़की कुछ जानती नहीं है और वो आपसे बात करने में इंटरेस्टेड है तो इसका मतलब सिर्फ इतना है की वो

आपको ज्यादा बेहतर जानना चाहती है, जरुरी नहीं की अभी आपके लिए उसने कोई निर्णय ले लिया है.

कही बार ऐसा भी हो सकता है की वो आपको जानती हो लेकिन वो एक पुरुष पार्टनर के रूप में कुछ नहीं जानती, वो ये जानने की कोशिश जरूर करेंगी की आप अपनी महिला पार्टनर के साथ केसा व्यव्हार रखते हो।

आप उनके साथ बातचीत करे और उनसे प्रश्न करे उनके बारे में, उनकी बातो को ध्यान से सुने, पर ऐसा ना करे की पेहली बात में आप उन्हें बता दे की आप उन्हें पसंद करते हो, ऐसा करने का आपका मन तो करेगा पर आपको ऐसा करना नहीं है.

आपको अपनी बातो से एक मौका मिला है की आप एक पुरुष का बेहतरीन व्यक्तित्व दिखा सकते हो, ऐसा मत दिखाए की आपको वो बहोत पसंद आ गई है और आप उनके लिए एकदम लट्टू हो, नहीं तो आपका काम यही पे तमाम हो जायेगा।

जबतक आपके बारे में वो सही से सबकुछ जान नहीं लेती तबतक वो आपके बारे में कोई निर्णय नहीं लेगी,
हो सकता है की उनकी तरह से भी आपको थोड़ा सा ऐसा इशारा मिले की वो आपको पसंद करती है, पर शुरुवाती इशारा कोई confirmation नहीं है।

किसी भी मुद्दे पर बात करिये, और उन्हें दिखाए की आपकी सोच केसी है, आप चीज़ो के बारे में क्या सोचते है, आप लोगो के बारे में क्या सोचते है और आप जीवन के बारे में क्या सोचते है, उनको आपका व्यक्तित्व पसंद आना चाहिए।

जैसे की मेरी एक लड़की से बातचित हो रही थी तो मेने उससे पूछा की आपको अपने बॉयफ्रेंड में कया अच्छा लगता है तो उसने जो बताया वो हर लड़की को पसंद आता है.

उसने बताया की मेरे बॉयफ्रेंड को travel करना पसंद है,
(यहाँ से लड़की समझती है की लड़का अपनी लाइफ को खुदकर जी रहा है, वो अपनी लाइफ से खुश है ).

books read करना पसंद है,  (खुद को हमेशा बेहतर बनान पसंद करता है, सीखना पसंद है )

वो बचपन से काफी मेहनती है और वो बहोत पैसे कामना चाहता है और वो कमा भी रहा है,  (जीवन में कुछ करने की कुछ पाने की भुख है)

जब आपको मौका मिलता है तो आप लड़की को अपने जीवन के बारे में और अपने विचारो के बारे में ऐसी बाते जरूर बताइए, क्योकि पेहली बातचीत में वो आपको समजने की कोशिश कर रही होती है.

जरुरी नहीं की आप सिर्फ उनकी तारीफ करे, और मीठी मीठी प्रेम की बाते करे, इससे आपका इरादा उसे पता चल जायेगा और आपको ऐसा बिलकुल भी नहीं दिखाना है की आप उनके

साथ बात करने के लिए और रिलेशनशिप बनाने के लिए एकदम excited हो।

कॉन्फिडेंस के साथ बात करो, उसको केसा लगेगा, उसको में पसंद आवुंगा या नहीं, या मुजमे ये सही नहीं है ऐसी बाते मत सोचिये।

ऐसा मत सोचो की लड़कों की तरह एक ही बार मे लड़की आपको पसंद या नापसंद कर लेगी, हा कुछ लड़किया ऐसा भी कर सकती है लेकिन ज्यादातर लड़की जो आपको बिलकुल नहीं जानती वो पेहले आपको जानने की पूरी कोशिश करेगी।

कही बार लड़किया ये भी देखना चाहती है की आपमे कितनी धीरज है, कही लड़किया तो वो जिसे पसंद करती है उनके प्रेम प्रस्ताव को भी reject कर देती है सिर्फ ये जानने के लिए की इसके बाद लड़का क्या करता है ?

क्योंकि लड़की को पता चलेगा की अगर सिर्फ try मारने के लिए आया होगा तो reject होते ही भाग जाएगा, ना समज होगा वो लड़की को ऐसा वैसा बोलकर जाएगा। पर जिसको खुदपर भरोसा होगा ओर वो थोड़ा ज्यादा लड़की के इशारों को समजा होगा वो सयम के साथ लगा रहेगा ओर उसके चेहरे के भाव बदलेंगे नहीं।

# **Chapter** 3 :

# लड़की का interest हमेशा कैसे बनाए रखे ?

कोई भी लड़की आपको पसंद करती है तो शुरुवाती समय मे आपने जरूर उस लड़की के मन मे एक अच्छी इमेज बनाई होगी, पर समय के साथ आपको ये बात याद रखनी पड़ेगी की वो इमेज खराब ना हो जाए ओर हमेशा आप लड़की के लिए interested person बने रहे।

## 1. No Neediness –

ये बात हमेशा याद रखे, की लड़की आपको इसलिए प्यार नहीं करेगी की आप उन्हे कितना प्यार करते हो ओर आप उनके बिना रेह नहीं पाते, हालांकि अगर आप ऐसा करते हो तो

लड़की को ये पसंद तो आएगा पर उसके लिए ये interesting नहीं होगा।

लड़कियों के लिए मरने वाले कितने लड़के होंगे? हर कोई ये दावा करता है की मे तुमसे बहोत प्यार करता हु ओर तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हु, ओर लड़के ऐसा करते भी है।

पर आपको ऐसा नहीं करना चाहिए नहीं तो आप लड़की के उन लिस्ट मे चले जाओगे जिनके बारे मे लड़की कभी नहीं सोचती।

तो याद रखे की कभी भी ऐसी बाते ना ही करे की तुम टाइम नहीं देती, तुम बात नहीं करती या मे तुम्हारे सिवा रेह नहीं पाता।

## 2.रहस्यमय बने रहो –

हम सबसे ज्यादा उनके बारे मे सोचते है जो इंसान हमे पुरी तरह से समज मे नहीं आता, वो क्या सोचता होगा? वो क्या

करेगा? जबतक आप किसी इंसान को पुरू तरह से समज ना लो की वो केसी परिस्थिति मे क्या कर सकता है तबतक आपका उस व्यक्ति मे interest हमेशा बना रहेगा।

अपने व्यक्तित्व को उनके सामने रहस्यमय बनाकर रखो की वो आपके बारे मे सबकुछ ना समज ले।

कही लड़के लड़की को एकदम बता देते है की उनके दिल मे क्या है, वो उनके बारे मे क्या सोचते है, फिर लड़की का interest कम होने लगता है, इसलिए आसानी से अपने बारे मे सबकुछ कभी नहीं बताना चाहिए ।

कही लड़के अपने पूरे जीवन की पोथी लड़की के सामने खोल देते है, बचपन से लेकर जवानी तक, आपको अपने पास ऐसा बचाकर रखना है की कोई इंसान आपको जितना जानता जाए उन्हे ओर अच्छा लगता जाए ।

बात अपने emotions की हो या कोई ओर, ऐसा नहीं होना चाहिए की सामने वाला आपको किताब की तरह पढ़ ले।

इससे उलट ये काम जरूर करे की हो सके उतना लड़की के मुह से उनके बारे मे जानिए, उनके जीवन के सेक्रेट्स क्या है? उनके बचपन के बारे मे ओर बहोत ऐसी बाते जो उन्होंने किसी को ना बताई हो, खासकर ऐसी बाते जिससे वो अपने जीवन मे नाखुश होते है।

इंसान अपना दिल उनके सामने ही खोलता है जिनपर वो पूरी तरह से विस्वास करता है ओर इसका उलटा, आप जिनके सामने अपने जीवन की पूरी किताब खोल देते हो फिर आप उनसे अलग होने के बारे मे इतना आसानी से नहीं सोच सकते, क्योंकि अब वो इंसान आपके जीवन मे खास हो गया है।

## 3- social proof

लड़कियों को ऐसे लड़के जल्दी से पसंद आते है जिन्हे ओर लड़किया भी पसंद करती है।

ज्यादातर लड़के जब किसी लड़की से बात करने की कोशिश करते ही तो ऐसी बाते करते है की आजतक मेरा किसी लड़की के साथ कोई relationship नहीं बना, कोई लड़की मेरी दोस्त नहीं है ओर मुजे सिर्फ तुम अच्छी लगती हो ओर तुम्हारे सिवा मे किसी लड़की से बात भी नहीं करता, ये सब गलतिया है जो आपको नहीं करनी चाहिए।

अब आपको ये नहीं कहना है की आपके बहोत सारे relationship है, पर आपको दूसरी लड़कियों से दोस्ती रखनी है, ताकि जिसके साथ आपका आपका relationship होता है वो आपके बारे मे ये सोचे की आप ऐसे लड़के हो जिसे ओर लड़किया भी पसंद करती है।

आप ऐसा बिलकुल ना दिखाए की कोई लड़की आपको भाव नहीं देती तो लड़की ये समजेगी की शायद आप उस लायक ही नहीं की कोई लड़की आपके साथ दोस्ती रखे या आपको boyfriend बनाए।

## 4- manage your time.

ऐसा हो सकता है की आपको किसी लड़की के साथ बात करना उनसे मिलना बहोत अच्छा लगता हो, ओर शायद आपका ऐसा भी मानना हो सकता है की आप किसी लड़की के साथ जितनी ज्यादा बाते करेंगे लड़की आपके साथ उतनी ज्यादा जुड़ेगी, पर ऐसा कुछ है नहीं।

आपको किसी भी लड़की को सोच समजकर टाइम देना चाहिए, ओर ये टाइम ना तो कम होना चाहिए ओर ना ही ज्यादा होना चाहिए।

अगर आप किसी लड़की को बिलकुल भी टाइम नहीं देते उनके साथ बाते नहीं करते तो लड़की के साथ आपका bond बनेगा ही नहीं ओर अगर आप किसी लड़की के साथ दिन रात बाते करोगे तो कोई भी लड़की आपसे ऊब जाएगी।

इसलिए इसको balance मे रखना जरूरी है। क्योंकि जब आप किसी व्यक्ति के साथ दिन रात बाते करते हो तो फिर बात करने के लिए कुछ नया नहीं होता, दोनों ही एक दूसरे की बातों से बोर होने लगते है, किसी को इतना समय नहीं

देना चाहिए की वो आपसे बात कर कर के आपमे non interested हो जाए ।

लड़किया हमेशा फ़रियाद करती है अपने बॉयफ्रेंड के बारे मे की वो उन्हे समय नहीं देता, पर इस दुनिया मे ऐसे कही लड़के है जो बिलकुल फ्री है, लड़किया ऐसे लड़कों से जल्दी थक जाती है।

जब आपकी गर्लफ्रेंड आपसे बात करना चाहे तो उन्हे बताए की आप कोई काम कर रहे है, उन्हे ऐसा लगना चाहिए की आपके जीवन मे आपके लिए टाइम important है, तो उसे आपके साथ बात करना ज्यादा अच्छा लगेगा, पर आपने ऐसा दिखाया की आप तो दिनभर फ्री रेहते हो ओर वो आपके साथ दिनभर बात कर सकती है तो लड़की का आपके साथ बात करने मन धीरे धीरे बदलने लगेगा।

## 5- हमेशा खुद को बेहतर बनाते रहे ।

जब लड़की से आपका introduction होता है ओर जब वो आपके साथ relationship मे आ जाती है ओर फिर भी आप पेहले जेसे ही हो तो आपको थोड़ा इस विषय मे सोचना चाहिए, क्योंकि लड़कि हो या लड़के हमेशा एक जेसी चीजों से बोर हो जाती है।

आपकी personality ओर आपके व्यक्तित्व मे बदलाव करते रहे, नई चीजे सीखते रहिए ओर अपनी लाइफ को ओर ज्यादा बेहतर बनाते रहिए, कभी भी एक जेसे मत रहिए।

खासकर आपकी personality को बेहतर बनाते रहे, अपनी skill ओर smartness पर भी ध्यान दीजिए, क्योंकि आप कितने भी funny क्यों ना हो लड़की को हमेशा आपके जोक्स सुनना अच्छा नहीं लगेगा।

कभी प्यार दिखाओ तो कभी थोड़ा सा ignore भी करो, हमेशा प्यार से ही बात करते हो तो गुस्सा होने वाली बात पर गुस्सा भी करलो, कभी कभी लड़की को दूसरे नाम से भी पुकारो।

# Chapter -4

# लड़कों की top 6 qualities जिसे लड़किया पसंद करती है।

लड़के हमेशा इस बारे मे सोचते है की लड़कियों को शायद लंबे लड़के अच्छे लगते है या गोरे लड़के या फिर पैसे वाले लड़के अच्छे लगते होंगे, पर यहापर हम लड़कों की qualities के बारे मे बात करेंगे ये सब आपके look ओर आपके पैसे से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

क्योंकि जो लड़की सिर्फ ओर सिर्फ आपके पैसे या आपके look को देखेगी, आपके लिए वो सही हो भी नहीं सकती,

क्योंकि कल वो किसी दूसरे लड़के मे भी यही देखेगी ओर आपको अलविदा बोल देगी, पर जो लड़की आपके emotions के साथ जुड़ेगी वो आपके गुण ही देखेगी। इसलिए ये बात याद रखो की लड़की आपकी चीजों से attract हो सकती है लेकिन दिल से तो तभी जुड़ेगी जब उन्हे आपके गुण अच्छे लगेंगे ।

## Confidence

अगर आपने सुना हो की शर्म लड़कियों का गेहना होता है, तो आप ठीक इसी तरह समजो की कान्फिडन्स मर्दों का गेहना है।

स्वाभाविक बात है की लड़के ओर लड़किया एक दूसरे की opposite चीजों से अट्रैक्ट होते है, लड़की अगर खुले विचार की भी है तो भी शर्माना उनका मुल स्वभाव है ओर ऐसे मे लड़के का confidence लड़की को आकर्षित करने मे बहोत ज्यादा मायने रखता है।

जेसे की आप relationship मे देखते है की लड़की किसी भी प्रकार की पहेल नहीं करती, ना तो किस करने मे ओर ना ही propose करने मे, पहेल ना करने के कही कारणों मे से एक कारण उनकी शर्म भी है, ऐसी चीजों मे लड़के को लड़की के सामने कान्फिडन्स दिखाना चाहिए, अगर आप शरमाते हो तो ये याद रखो की शर्माना लड़की का department है ओर रिस्ते मे पहेल करना आपका काम है।

लड़की से बात करने मे, या उन्हे किस करने मे भी आपको शर्माना नहीं चाहिए, आप उनका हाथ भी पकड़ते हो तो भी confidence के साथ पकड़ो, जेसे आप उनपर अपना अधिकार जता रहे हो, ना की डरते डरते।

कही लड़के अपनी गर्लफ्रेंड को किस करने के लिए permission लेते है की कही उसको बुरा ना लग जाए, जब आप लड़की को ऐसे सवाल करोगे तो उसे शर्म आएगी ओर वो ना चाहते हुवे भी आपको ना बोलेगी ।

## Sense of humour

sense of humour लड़किया लड़के मे जरूर देखती है, इसका सीधा सा मतलब ही की कोई लड़की आपके साथ relationship मे आकर बोर होना नहीं चाहेगी।

इसका कोई ऐसा मतलब नहीं है की जोकर की तरह लड़की को आप हमेशा हसाते रहो ओर हर वक्त मजाक ही करते रहो, पर लड़की की बात को आप केसे समजते हो, परिस्थिति के हिसाब से आप केसे कहा क्या बोलना ओर react करना चाहिए इसकी आपको अच्छी समज हो।

क्योंकि अगर किसी लड़के मे बिलकुल भी sense of humour नहीं है तो लड़की को ऐसा लगेगा की वो किसी बच्छे के साथ relationship मे है।

कही लड़कों को ये पता ही नहीं होता की लड़की के साथ कैसे बात की जाती है, उन्हे क्या पसंद है ओर क्या पसंद नहीं है, तो लड़की आपके साथ बोर होती है।

जेसे की एक लड़की के साथ बात करने वाले कही लड़के तैयार है ये बात लड़की भी जानती है अब कोई लड़की आपको मोका देती है उनके साथ relationship बनाने का ओर आप लड़की

से बात करते समय सिर्फ लड़की को ये बोल रहे हो की ओर बताओ ओर बताओ, इसका मतलब आपके पास कोई interesting बात ही नहीं है।

**Emotional maturity –**

लड़किया ज्यादातर बार खुद से उम्र मे बड़े लड़के के साथ relationship बनाएगी, ओर कही बार तो लड़किया married लड़के के साथ भी relationship बनाती है भले वो खुद single क्यों ना हो, इसका सबसे बड़ा कारण है maturity।

जरूरी नहीं है की कम उम्र के लड़के मे maturity नहीं होती, पर ज्यादातर लड़की खुद से बड़े लड़के से इसलिए प्रभावित होती है क्योंकि वो लड़की से भी थोड़ा ज्यादा mature होते है।

खासकर emotional maturity एक लड़की के लिए कुछ अलग ही मायने रखती है।

एक लड़की अपने बॉयफ्रेंड से क्या चाहती है?, उसे कब केसा महसूस होता है?, वो अपने बॉयफ्रेंड से क्या सुनना पसंद करती है ओर वो अपने बॉयफ्रेंड से क्या expect करती है?

ये सब married लड़के ज्यादा बेहतर तरीके से जानते होते है, ओर ऐसे लड़के भी जीनके पेहले से कोई relationship रहा होता है।

**Quick decision ability -**

लड़किया हमेशा आपको confused करती रहेगी, कभी कभी कुछ ऐसा बोलकर ओर कभी ऐसा कुछ करके, क्योंकि इससे लड़कियों को पता चलता है की केसे मोको पर आप केसे react करते हो, ओर ऐसा करके आपके व्यक्तित्व के बारे मे जानने की कोशिश करेगी ।

लड़कों के मुह से आपने कही बार सुना होगा की ये लड़किया ना जाने कब क्या करती है कुछ समज नहीं आता, अगर उनकी कोई ऐसी चाल जिसमे वो आपको confused करना चाहे ओर आप उनकी बातों मे ना फसे तो वो लड़की आपमे

फस जाती है, आपकी quick reaction पर, क्योंकि उनकी किसी ऐसी बात या चाल का आपपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा ।

लड़किया कभी कभी अपने बॉयफ्रेंड से केहती है की आज मे मार्केट मे गई थी तो एक लड़का पीछे पीछे मुजे घर तक छोड़ गया, ऐसा नहीं की वो जूठ ही बताती है पर आपको ये बात बताकर वो आपके चेहरे के reaction देखना चाहती है की आपको केसा लगाता है? अगर कोई आपकी गर्लफ्रेंड का पीछा करे तो ।

ऐसे समय क्या आप शांत रेहते हो? क्या आप गुस्सा करते हो? या उनकी बात को सुनकर हल्के मे लेते हो, मे लड़कियों की ऐसी बातों का आपको जवाब दु तो आपको उनकी बात को गोर से सुननी चाहिए ओर आपको लगे की मामले मे कोई इतना दम नहीं है तो कोई reaction नहीं देना चाहिए सिर्फ शांत रेहना चाहिए ।

कभी कभी वो सिर्फ बोलने के लिए बोलती है की देखो जी कुछ दिनों के लिए मे अपने चाचा के घर जा रही हु तो आपसे बात नहीं करूंगी (बात नहीं कर पाऊँगी) ज्यादातर लड़के ये सुनकर दु:खी हो जाते है कुछ तो लड़ने लगते है की नहीं जी ऐसा मत करना ।

आपको उनकी ऐसी बातों पर कोई गुस्सा ओर दु:खी होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अगर लड़की को ऐसा लगा की उनके बात ना करने से आपको बहोत फर्क पड़ रहा है तो वो जरूर बात नहीं करेगी, वो आपको इस तरह से उनके लिए तड़पता देखना पसंद करती है ।

**Passion –**

मेरे हिसाब से अगर लड़कों की सबसे बेहतर quality होती है तो वो लड़के का passion होता है, किसी भी चीज पर, ना की कोई लड़की पर।

दीवानापन, पागलपन, जुनून, पर ये सब आपके काम के लिए होना चाहिए, क्योंकि इससे लड़की आपको बिलकुल पसंद भी करेगी ओर ये आपकी लाइफ के लिए भी बहोत ज्यादा सही है ।

ज्यादातर लड़कों के साथ ये प्रॉब्लेम होती है, जिनकी गर्लफ्रेंड उन्हे ignore करने लगी है या उन्हे छोड़कर जा चुकी है वो लड़के मे बहोत ज्यादा पागलपंती होती है अपनी गर्लफ्रेंड के

लिए, गर्लफ्रेंड मिलने के बाद वो अपने काम ओर अपने दोस्तों पर ध्यान देना बंद कर देते है ओर सिर्फ अपनी गर्लफ्रेंड के बारे मे सोचते है ।

पर अगर आपके जीवन मे कोई लक्ष्य है, आप कुछ पाना चाहते हो कुछ करना चाहते हो तो आपका ये पागलपन हर लड़की को पसंद आएगा, वो चाहेगी की आप सिर्फ ओर सिर्फ उसके ऊपर ध्यान दो ना की अपने काम पे, पर जब आप अपने काम की जगह उस लड़की को दे देते हो तो उसकी प्यास बुज जाती है ओर वो आपको इग्नोर करने लगती है ।

पर आप पेहले अपने काम को प्यार करते हो तो लड़की ये सोचती है की जो इंसान किसी चीज के लिए इतना पागल है, इतना दीवाना है वो अपनी गर्लफ्रेंड के लिए भी कुछ भी करेगा।

अपने काम के लिए आपकी पागलपंती इसलिए भी जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग आपको आपके काम से आपको judge करते है, जो लड़का पूरे दिन अपनी गर्लफ्रेंड के साथ फोन पर बाते करता है, जिसे अपने काम से ज्यादा अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बाते करना पसंद है वो अपने future मे क्या कर पाएगा ?

आपको ऐसा लगता है की कोई लड़की आपके साथ हमेशा इसलिए रुकेगी की आप उन्हे बहोत प्यार करते हो ? नहीं लड़की आपको प्यार करती है फिर भी वो आपके बारे मे ये जरूर सोचेगी की आपका future केसा होगा? क्योंकि जो फ्यूचर आपका होगा वही इस लड़की का होगा ओर वही उस लड़की के बच्छों का होगा।

आपने ऐसी लड़किया भी देखि होगी जो लड़का बिलकुल भी काम धंधा नहीं कर रहा होता ऐसे लड़के के साथ भी लड़किया शादी कर लेती है, वो लड़किया ज्यादातर तो अपने घर के महोल से परेशान होती है या फिर इतनी ज्यादा नासमज, पर उम्र के साल उसे अपनी गलती का एहसास हो जाता है।

हमेशा याद रखे -

“अगर आप किसी मर्द को अपना बनाना चाहते हो तो उसकी आदत बने,

ओर अगर आप किसी स्त्री को अपना बनाना चाहते हो तो उसकी जरूरत बने”

जंगल की शेरनी भी ऐसे शेर के साथ सहवास करती है जो उसके ओर उसके बच्छों का रक्षण कर सके ओर उसके लिए शिकार कर सके।

लोग प्लेटफॉर्म पर हमेशा ट्रेन पर ये देखकर चढ़ते है की ये ट्रेन कही जाने वाली है, कोई मुसाफर प्लेटफॉर्म पर पड़ी रेहने वाली ट्रेन की सवारी नहीं करता।

ओर ये भी हकीकत है की लोगों को प्यार करने वालों से ज्यादा जीतने वाले लोग पसंद है, जो अपने जीवन मे कुछ बड़ा करना चाहते है।

इसी बात पर मुजे एक वाक्या याद आ रहा है जो एक लड़के ने मेरे साथ शेयर किया था ;

लड़के ओर लड़की का relationship 6 साल का था, relationship के शुरुवाती दिनों मे लड़की ने लड़के को बताया था की उनके जीवन मे सिर्फ प्यार मायने रखता है, उसे हमेशा से प्यार करने वाला लड़का ही चाहिए था, उसने बचपन से लड़कों के बारे मे यही सोचा था की जो उसे बहोत प्यार करेगा वेसे लड़के को ही वो बॉयफ्रेंड बनाएगी, उसके लिए पैसे वगेरा लड़के मे मायने नहीं रखता।

जब लड़की ने लड़के को ये बताया की उसे हमेशा से प्यार करने वाले लड़के की ही तलाश थी तो लड़के ने ये बात हमेशा के लिए अपने दिमाग मे बीठा ली की अगर मे इस लड़की को हमेशा बहोत प्यार करूंगा तो हमेशा ये मेरे साथ रहेगी ओर मुजसे भी प्यार करेगी ।

लड़के ने बिलकुल ऐसे ही उस लड़की को प्यार किया, उसने लड़की के लिए वो सबकुछ किया जो वो कर सकता था, लड़के का ध्यान इसी बात पर रहा की लड़की का जीवन कैसे बेहतर बने, ओर ये बात वो बिलकुल ही भूल गया की उसके जीवन मे क्या हो रहा है?

6 सालों मे एक लड़के के जीवन मे जो तरक्की होनी चाहिए वो बिलकुल नहीं हुवी, पर उस लड़की के जीवन मे तरक्की बहोत हुवी, क्योंकि इसके लिए वो लड़का भी उस लड़की की मदद कर रहा था ।

परिणाम ये हुआ की लड़की की सरकारी नोकरी लग गई, आज भी वो लड़का उस लड़की को ट्रेन तक लेने ओर छोड़ने जाता है, पर अब वो लड़की अपने साथ जॉब करने वाले एक लड़के के साथ बात करने लगी है ओर अपने बॉयफ्रेंड से केहती है की तुम पेहले मुजसे शादी करने के लायक कमाने लगो तब मे तुमसे शादी करने के बारे मे सोचूँगी ।

कही लड़कों की ऐसी प्रेम कहानिया मेने उनके मुह से सुनी है इसलिए मे आपको बताना चाहूँगा की आपको ये गलती नहीं करनी है।

## Playfulness-

क्या आप अपने जीवन से आनंदित है?, कुछ लड़के ऐसे होते है जो हमेशा serioud रेहते है ओर हमेशा किसी ना किसी बात को लेकर आप उन्हे फ़रियाद करते ही सुनोगे, आपको ऐसा नहीं बनना है।

कोई लड़की आपके साथ बात करती है, तो आपकी बातों से ये दिखेगा जो आपके अंदर है, की आप अपने काम से अपने दोस्तों से ओर अपने जीवन से कितना खुश हो ?

जब आप खुश होते हो ओर आप किसी के साथ बात कर रहे होते हो तो आपकी बातों मे ही आपकी खुशी जलकती है, आपको बताना नहीं पड़ेगा, ऐसा कही बार आपके साथ हुआ होगा की आप किसी से बात कर रहे हो ओर सामने वाला आपकी बाते सुनकर ही आपको पुछ लेगा की आज क्या बात है तुम खुश बहोत हो ?

आपकी बातों की वो खुशी हर किसी को आपकी ओर आकर्षित करती है, याद रखे जब आप खुश होते हो ओर लोग जब आपको देखते है तो लोग भी आपके जेसे खुश होना चाहते है ओर इसलिए वो आपके साथ ज्यादा जुड़ेंगे ।

जब हम किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बात करते है जो खुश होता है तो थोड़ी सी खुशी की जलक हमे भी मिलती है ओर हम भी उनके साथ बात करके खुश होते है ओर हमे बार बार उस इंसान के साथ बात करना पसंद आएगा ।

इससे उलट कोई ऐसा इंसान जिसकी जुबान पर हमेशा हमेशा फ़रियाद ही होती है, ओर आपको जब उनके साथ बात करनी पड़े तो आप बोर हो जाओगे, आपके जीवन मे ऐसे कुछ लोग जरूर होंगे जिनका call आता है तो आपको उनका call उठाने का मन बिकलूल भी नहीं करता, क्योंकि उनकी बाते सुनकर दिमाग खराब होता है, मूड खराब होता है ।

जब भी आप लड़की से बात करो तो ऐसा नहीं लगना चाहिए की आप अपनी लाइफ से परेशान हो, उन्हे लगना चाहिए की आप खुले दिल से जी रहे है, असली जीवन का मजा तो आप ही ले रहे हो ओर आपकी इस खासियत से वो आपसे साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे ।

# Chapter 5:
# Your story-

आपकी कहानी क्या है ? आपकी कहानी आपके बारे मे लड़की को बताती है की आप क्या हो ओर future मे क्या होंगे।

आपकी सोच आपकी मेहनत ओर आपके सपने आपकी कहानी को बताते है, की आप अपने जीवन से क्या चाहते हो? इससे पेहले भी हमने इस बारे मे बात की थी की लड़की आपके फ्यूचर के बारे मे जरूर सोचती है, ओर जेसे की हमने बात की थी की आपके काम को लेकर आपका passion उन्हे ये दिखाता भी है, पर आपको भी अपने विचारों से ओर अपनी बातों से indirectly लड़की को ये समजने मे मदद करनी है की आपकी story क्या है?

जेसे की आप जीवन के बारे मे क्या सोचते हो? आपके लिए आपका पार्टनर क्या है? जीवन मे आप क्या करना चाहते हो? ओर आप अपने सपनों को पाकर केसा जीवन जीवन जीना चाहते हो?

खासकर ये बताओ की तुम जीवन कैसा चाहते हो ओर उसके लिए तुम क्या कर रहे हो ताकि तुम्हें ऐसा जीवन मिले।

अपने सपने को इस तरह बया करो जेसे की एक कहानी हो, ओर तुम उस कहानी के मुख्य किरदार, अगर लड़की को आपकी कहानी पसंद आई, ओर वो भी इसी कहानी जेसा जीवन चाहती है तो अब वो कहानी सिर्फ आपकी कहानी नहीं रहेगी, वो आप दोनों की कहानी हो जाएगी।

क्योंकि स्त्री हमेशा पेहले अपनी भविष्य की जरूरतों के बारे मे सोचेगी, ओर तुम उन्हे उनके वही भविष्य की कहानी सुना रहे हो तो उन्हे पसंद क्यों नहीं आएगी।

पर याद रखो की तुम्हें ये directly नहीं पर indirectly सुनानी है। दूसरी बात जेसी तुम्हारी कहानी है तुम्हारे वेसे प्रयत्न भी होने चाहिए नहीं तो तुम्हारी इस कहानी का कोई मतलब नहीं है।

भविष्य की कहानी का बड़ा मतलब है, क्योंकि जब दो लोग एक जेसा जीवन बिना चाहते हो तो दोनों के विचार ओर दोनों के सपने एक हो जाते है इसलिए वो भी आपके साथ जुड़ जाते है, क्योंकि ये जीवन की यात्रा है ओर लोग अपनी यात्रा को ढंग से जिना चाहेंगे ।

आप किसी ट्रेन मे सफर कर रहे हो, ट्रेन मे किसी अनजान व्यक्ति से आपका परिचय होता है ओर बातों ही बातों मे आपको पता चलता है की वो व्यक्ति भी वही जा रहा है जहा आपको जाना है तो आप देखोगे की ये अनजान इंसान आपको कुछ अपना सा लगने लगता है।

अभी भी वो इंसान अनजान ही है, आप ज्यादा कुछ उनके बारे मे नहीं जानते, इससे पेहले आप उन्हे मिले भी नहीं थे, फिर भी ट्रेन मे जीतने भी लोग है उन्मे से अगर आपको किसी का भरोसा करना हो तो आप उसी व्यक्ति का भरोसा करोगे, क्यों ? क्योंकि आप दोनों को एक जगह साथ साथ जाना है।

अगर आपको बाथरूम भी जाना हो तो आप आराम से उस अनजान व्यक्ति के भरोसे अपना सामान छोड़कर जावोगे ओर

उस व्यक्ति को बताकर जावोगे की थोड़ा देखना मे आता हु, वो भी अनजान ही है।

ये जुड़ाव ये अपनापन ओर विस्वास इसलिए है क्योंकि दोनों यात्री भले ही अनजान हो पर दोनों का सफर एक साथ है ओर ये दोनों को पता है।

# Chapter 6:

# लड़की अपने बॉयफ्रेंड से क्या चाहती है?

एक स्त्री हमेशा पुरुष चाहेगी ओर एक पुरुष हमेशा स्त्री चाहेगा, इसका मतलब होता है अपने से अलग की चाह, हममे नहीं है वो।

स्त्री ओर पुरुष के सिर्फ शरीर नहीं उनके विचार ओर गुण भी अलग होते है, जेसे की हमने बात की थी पेहले की शर्माने वाली लड़की confidence वाले लड़के को पसंद करेगी तो इसका यही मतलब होता है, की हममे जो नहीं है उसका आकर्षण, जेसे पुरुष हमेशा कोमलता की तरह आकर्षित होता है, क्योंकि पुरुष शरीर मजबूत ओर कठोर होता है, उसी तरह से स्त्री को पुरुष की कोमलता अच्छी नहीं लगेगी उसको कठोरता पसंद आएगी ।

## ताकत -

सिर्फ शारीरिक ताकत की बात नहीं हो रही, पर मर्द की हर ताकत स्त्री को सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, ओर ये सबसे

पेहली बात है जो एक स्त्री पुरुष मे चाहेगी । क्योंकि उसे पता है की जीवन मे उसे एक ताकतवर पुरुष की जरूरत होती है जो आने वाली परेशानियों से उसे बचा सके ।

जीवन मे एक स्त्री के लिए कही डर हो सकते है, क्योंकि वो दूसरे पुरुषों को कही ना कही अपने लिए खतरे के रूप मे देखती है, बाजार मे चलते वखत स्त्री को घूरेने वाली आँखों ने ये डर बचपन से ही उसके मन मे जगह बनाई हुवी है।

आप देखोगे की शांत ओर जगड़ा ना करने वाली स्त्री भी गुस्से वाले मर्द को पसंद करती है, भले हमेशा वो हिंसा का वो विरोध करती हो पर फिर भी वो ऐसे पुरुष से आकर्षित हो सकती है जिसमे गुस्सा ज्यादा हो ।

पुरुष की ताकत उसकी कठोरता, उसका स्वभाव, उसकी सामाजिक position, पैसा रुतबा, ओर नाम एक स्त्री के लिए ताकत है ।

## दूसरों से अलग होना

जब बात लड़कियों की पसंद की हो तो वो हमेशा दूसरों से कुछ अलग चाहती है, अगर कोई खूबसूरती लड़की है उसकी तारीफ करने वाले ओर उसके आगे पीछे घूमने वाले लड़कों की कोई कमी नहीं होगी, आप हमेशा देखोगे की लड़किया ज्यादातर ऐसे लड़कों को भाव नहीं देती।

वो सब एक ही जेसा काम करते है, लड़की का पीछा करना, उसकी तारीफ करना, बस सबकुछ एक जेसा, इससे लड़की को अच्छा तो लगेगा पर उसे कुछ अलग नहीं लगेगा, ऐसा कुछ नहीं जहापर वो किसी लड़के के बारे मे गंभीरता से सोचे ।

अगर कोई ऐसी लड़की होगी जिसके आगे पीछे कही लड़के घूमते है, तो ऐसी लड़की को कोई लड़का थोड़ा सा भी इग्नोर करेगा, या ऐसे कहो की दूसरे लड़कों की तरह उसको इतना भाव नहीं देगा, उसकी खूबसूरती की तारीफ नहीं करेगा तो लड़की उसकी ओर आकर्षित हो सकती है।

लड़के ने कोई मेहनत नहीं की पर फिर भी उसने कुछ ऐसा किया है जिससे वो लड़की की आँखों मे जम गया है, वो दूसरे लड़कों से उसे काफी अलग लगेगा।

एक ऐसा वाकया मेरे साथ हुआ था जो मे आपको बताना चाहता हु, ओर तब मे लड़कियों ये psychology बिलकुल नहीं जानता था।

मे जहा पर जॉब करता था उस ऑफिस मे सिर्फ लड़के ही थे, मुजे मिलाकर 9 लड़के थे, हमारी ऑफिस मे पेहली लड़की जॉब करने के लिए आती है, जब जिस ऑफिस मे इतने लड़के हो ओर लड़की सिर्फ एक ही हो तो उसे सारे लड़कों का attention मिलन तैय है।

एक दो दिन मे सारे लड़के लड़की के साथ बात करने की कोशिश मे लग गए, मुजे उस लड़की के साथ बात करने का कोई मन नहीं था क्योंकि जिस लड़की से दोस्ती करने की कोशिश जहा इतने लड़के करते हो वहा मे भी ट्राइ करू वो मुजे सही नहीं लगा, ओर मेने कुछ 4,5 दिन मे एक बार भी लड़की से बात नहीं की।

एक बार कुछ हुआ ऐसा की लड़की जिस software को ऑपरैट कर रही थी उसमे error आ रहा था, तो लगभग सभी लड़कों ने उसे ठीक करने की कोशिश कर ली थी, पर वो solve नहीं कर पाए, मुजे पता तो था की office मे हो क्या

रहा है पर फिर भी मे अनजान बनकर अपना काम करता रहा।

जब मैनेजर ने मुजे लड़की की हेल्प करने को बोल तो मेने कहा की मे अपना काम थोड़ा फिनिश करके उसकी error देखता हु, ऐसा बोलने के बाद भी काफी टाइम तक मे सिर्फ अपना ही काम करता रहा ओर इसलिए मैनेजर को मुजे फिर से केहना पड़ा।

इसबर मेने चुपचाप error को ठीक किया ओर अपनी जगह पर बेठ गया पर लड़की की ओर एक बार भी देखा भी नहीं, क्योंकि अब मुजे भी मजा आ रहा था ऐसा करते हुवे।

उस दिन लंच ब्रेक मे ही लड़की सामने से मेरे पास आती है ओर बाते करने लगती है, अब लड़की धीरे धीरे मुजे इम्प्रेस करने की पूरी कोशिश करने लगी।

मेने सिर्फ लड़की को इग्नोर किया था ओर कुछ नहीं, पर उसे ऐसा लगा की इतने लड़के जो मुजे पसंद करते है तो मे कितनी खूबसूरती हु ओर अगर कोई लड़का मुजे नजरंदाज करता है तो उसका मतलब वो कही ना कही मुजसे बेहतर है या उसे मुजमे कुछ खास नहीं दिखता होगा ।

# Experience

लोग आपको भूल जाएंगे पर आपसे उन्हे जीवन मे कुछ अनूठे experience मिले होंगे तो उन्हे वो नहीं भूलेंगे, हर दिन हमारी नजरों के सामने कितनी घटनाए बनती है, लेकिन हमे सबकुछ याद नहीं रेहता, याद रेहता है कुछ अलग ओर अनूठी घटनाए ही ।

जब आप किसी लड़की के साथ हो तो उन्हे ऐसे अनुभव देने की कोशिश करो जो अनुभव उसने अपने जीवन मे कभी ना किया हो ।

लोग बाते करते है की कोई अपना पेहला प्रेम नहीं भूल पाता, इसके पीछे का विज्ञान केवल इतना है की जब आपने प्रेम को पेहली बार मेहसूस किया था तो आपके लिए ये अनुभव अपनी पूरी जिंदगी से अलग था ओर अलग अनुभव इंसान लंबे समय तक याद रखता है।

लड़की आपके साथ अपने जीवन के नए नए अनुभवों को बटोरना चाहती है, इसलिए हमेशा उसकी तारीफ करके या उसे गिफ्ट देते रेहने की ही कोशिश मे मत अटक जाना।

मेने देखा है की कही लड़के लड़कियों के मा बाप जेसा व्यवहार करते है, जेसे की हर वख्त अपनी गर्लफ्रेंड को बताते रेहते ही की वो उस लड़के से बात ना करे, वो ऐसे कपड़े ना पेहने।

कोई भी लड़का लड़की को ऐसा तभी केहता है जब उसे वास्तव मे उसकी परवा होती है, पर आप खुद सोचो हर लड़की के माता पिता लड़की को ये सलाह देते ही है की उसे रात को जल्दी घर आ जाना चाहिए ओर केसे कपड़े पहेनने चाहिए ।

ज्यातर लड़की अपने पेरेंट्स के इस व्यवहार को पसंद नहीं करती, ओर जब ऐसा ही व्यवहार उसका बॉयफ्रेंड करने लगे तो उन्हे ये बिलकुल पसंद नहीं आएगा।

वो आपके साथ अपने जीवन के वो अनुभव लेना चाहती है जो अपने पेरेटन्स से नहीं मिल सकते, पर यहापार भी आप वो

ही करोगे तो उनके लिए ये कोई ऐसा अनुभव नहीं होगा जिसे वो पसंद करे ।




[JOGAL RAJA'S ALL EBOOK LINK]